ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

# कार्यवृत्त

दिनांक 03.11.023 को पूर्वाह्न 11 :00 बजे ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित आकस्मिक परीक्षा समिति मे निम्नवत् सदस्य उपस्थित हुए –

| | | |
|---|---|---|
| 01. | माननीय कुलपति महोदय | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 चन्दना डे | सदस्य |
| 03. | प्रो0 एहतेशाम अहमद | सदस्य |
| 04. | प्रो0 सौबान सईद | सदस्य |
| 05. | डॉ0 नीरज शुक्ल | सदस्य |
| 06. | डॉ0 पूनम चौधरी | सदस्य |
| 07. | वित्त अधिकारी | सदस्य |
| 08. | कुलसचिव | सदस्य |
| 09. | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य सचिव। |
| 10. | प्रो0 संजीव कुमार त्रिवेद्वी | विशेष आमंत्रित। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया है। तत्क्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्य सूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये है–

बिन्दु संख्या–01 **विश्वविद्यालय के सत्र 2022–23 के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम चतुर्थ सेमेस्टर के 14 छात्र एवं षष्ठम सेमेस्टर के 05 छात्र कुल 19 छात्रों के परीक्षाफल के सम्बन्ध में विचार विमर्श एवं 19 छात्रों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र (वार्षिक बैक न लगाए जाने के सम्बन्ध में) पर विचार विमर्श।**

निर्णय– सत्र 2022–23 के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के 19 छात्रों के भविष्य के दृष्टिगत परीक्षा समिति द्वारा निम्नवत् पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है –

1. प्रो0 चन्दना डे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
2. प्रो0 संजीव कुमार त्रिवेदी, निदेशक अभियांत्रिकी एवं प्रोद्यौगिकी संकाय।
3. डा0 पूनम चौधरी, उप परीक्षा नियंत्रक।
4. डा0 अताउर रहमान आज़मी, उप शैक्षणिक अधिष्ठाता।
5. डा0 सुमन कुमार मिश्रा, सहायक आचार्य, अभियांत्रिकी एवं प्रोद्यौगिकी संकाय।

उपरोक्त गठित समिति से 03 कार्य दिवसों में समस्त तथ्यों का परीक्षण कर अपनी आख्या परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी। अग्रेत्तर यह भी निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा प्राप्त आख्या पर परीक्षा

Dr. Bhavana Mishra
Controller of Examination
Khwaja Moinuddin Chishti
Language University, Lucknow

Vice Chancellor
Khwaja Moinuddin Chisti
Language University, Lucknow

नियंत्रक की संस्तुति के उपरान्त अंतिम निर्णय हेतु समिति द्वारा माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**बिन्दु संख्या–02** **विश्वविद्यालय के सत्र 2023–24 के आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परीक्षा समय सारिणी पर विचार।**

निर्णय– विश्वविद्यालय के सत्र 2023–24 के आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परीक्षा समय सारिणी पर सर्वसम्मति से समिति संसूचित हुयी।

अंत में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त समाप्त हुई।

| | |
|---|---|
| (डॉ0 भावना मिश्रा) | (प्रो0 एन0बी0 सिंह) |
| परीक्षा नियंत्रक / सचिव | कुलपति / अध्यक्ष |
| Dr. Bhavana Mishra | Vice Chancellor |
| Controller of Examination | Khwaja Moinuddin Chisti |
| Khwaja Moinuddin Chishti | Language University, Lucknow |
| Language University, Lucknow | |